2019

HINDI

(Major)

Paper : 5.6

(Hindi Alochana Evam Pramukh Alochak)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) हिन्दी साहित्य में 'आलोचना' के समानांतर प्रचलित कोई एक शब्द लिखिए।

(ख) आचार्य रामचंद्र शुक्ल की किसी एक आलोचनात्मक कृति का नाम लिखिए।

(ग) आलोचक के किसी एक गुण का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'हिन्दी साहित्य का आदिकाल' नामक आलोचनात्मक कृति के रचयिता कौन हैं?

(ङ) डॉ॰ रामविलास शर्मा किस विचारधारा के आलोचक हैं?

(च) 'स्वच्छंदतावादी' समीक्षा की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(छ) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी किस प्रकार के समीक्षक के रूप में प्रतिष्ठित हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) 'आलोचना' शब्द की व्युत्पत्ति पर प्रकाश डालिए।

(ख) आत्मप्रधान आलोचना किसे कहते हैं?

(ग) आलोचक नंददुलारे वाजपेयी की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(घ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल की सैद्धांतिक आलोचना की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) तुलनात्मक आलोचना और समाजवादी आलोचना के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

(ख) समालोचक हजारी प्रसाद द्विवेदी एवं रामचंद्र शुक्ल के वैचारिक मतभेदों पर प्रकाश डालिए।

(ग) आलोचक के रूप में डॉ॰ नगेन्द्र की समीक्षा-पद्धति पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'शुक्ल युग' को आलोचना का स्वर्ण-युग क्यों माना जाता है?

(ङ) रीतिकालीन हिन्दी आलोचना का परिचय दीजिए।

4. हिन्दी आलोचना के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

'आलोचना' की परिभाषा दीजिए और उसके प्रकारों पर चर्चा कीजिए।

5. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की आलोचना-शैली की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

हिन्दी आलोचना के विकास में आचार्य रामचंद्र शुक्ल के योगदान पर चर्चा कीजिए।

6. आचार्य नंददुलारे वाजपेयी की समीक्षा-पद्धति पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

डॉ॰ रामविलास शर्मा की समीक्षा की विशेषताओं को उजागर कीजिए।

★★★